## खबर संक्षेप

### आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा की प्रथम बैठक आज

मुंगेली। शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर को आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा जिला मुंगेली की प्रथम बैठक दोपहर 2 बजे से विप्र भवन में आयोजित की जा रही है। इस कार्यक्रम में प्रदेशाध्यक्ष राकेश तिवारी एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री रेखेन्द्र तिवारी की उपस्थिति में पदाधिकारियों को पदभार ग्रहण कराया जाएगा एवं आगे की रुपरेखा तैयार की जाएगी। उक्त जानकारी आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा जिला मुंगेली के जिलाध्यक्ष पं ब्रह्मदत्त त्रिपाठी ने दी।

### शिक्षक सम्मान समारोह आज, तोखन होंगे शामिल

तखतपुर। विकासखंड स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन 5 सितम्बर को दोपहर 12 नया मंडी प्रांगण में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री आवासन एवं शहरी कार्यमंत्री तोखन साहू होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक डॉ. धर्मजीत सिंह करेंगे।

### सात बल्क लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

लोरमी। आबकारी विभाग ने ग्राम बरमपुर में दबिश देकर जरीकेन में रखी सात बल्क लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। सितंबर को आबकारी विभाग को गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली ग्राम बरमपुर में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। सूचना पर आरोपी नरेंद्र मोहले के मकान की विधिवत तलाशी लिए जाने पर आरोपी के कब्जे से 7 बल्क लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। आरोपी पर आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) (क), 34 (2) एवं 59 (क) गैरजमानतीय अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

## निधन

### विद्या तिवारी



बिलासपुर। नेहरू नगर निवासी विद्या तिवारी (बाघामुड़ा, घठोली वाले) का 4 सितंबर गुरुवार को निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार 5 सितंबर शुक्रवार को सुबह 10.30 को सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा वे रमेश तिवारी की पत्नी व प्रज्ञेष तिवारी, जयेश तिवारी की माता एवं डॉ सुरेश तिवारी, डॉ प्रमोद तिवारी, डॉ विनोद तिवारी, दिनेश तिवारी, राकेश तिवारी की भाभी व डॉ निलय तिवारी की बड़ी मम्मी थीं।

### रेखा शर्मा



बिलासपुर। चांटापारा स्थित पुलिस क्वार्टर-130 निवासी सेवानिवृत्ति उप निरीक्षक रेखा शर्मा का 4 सितंबर गुरुवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास से 5 सितंबर शुक्रवार को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे शहीद पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र शर्मा की पत्नी, राकेश शर्मा की मां एवं हरिओम शर्मा की दादी थीं।

### जोसलीन मसीह



बिलासपुर। इंदिरा विहार कालोनी तारबाहर निवासी जोसलीन मसीह का 3 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 सितंबर को तोरवा क्रिश्चियन कब्रिस्तान में किया गया।

### शारदा वर्मा



बिलासपुर। डॉक्टर्स कॉलोनी सरस्वती नगर निवासी शारदा वर्मा का गुरुवार को निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार दोपहर 1 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में होगा । वे डा. अखिलेश वर्मा, रंजना, साधना, कल्पना, ललित, मनीष की माता, डॉ आशा वर्मा की सास और डॉ. अर्चित, डॉ अदित की दादी थीं।

### साहेब लाल



बिलासपुर। मोतिमपुर (जरहागांव) निवासी साहेब लाल का निधन हो गया। वे 55 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम मोतिमपुर में किया गया।

### ज्ञान मसीह



तखतपुर। वार्ड क्रमांक 4 निवासी ज्ञान मसीह का 86 वर्ष की आयु में 4 सितम्बर निधन हो गया। वे अनीश मसीह उर्फ बंटी के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार 5 सितम्बर को प्रातः 10 बजे प्रभु की वाटिका में होगा।

### अभय साहू



तखतपुर। ग्राम खैरी निवासी अभय साहू 30 वर्ष का 3 सितम्बर को निधन हो गया। वे रमेश साहू के पुत्र, अमन साहू के छोटे भाई थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम खैरी में किया गया।

## 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित

# खेल मैदान के अनुभव से नया जीवन जीने का मिलता है रास्ता : धर्मजीत

**खेलों की उपलब्धि में राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उभरेंगे हमारे राज्य के खिलाड़ी: मरपच्ची**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

चार दिवसीय 25वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन पुरस्कार वितरण के साथ मल्टी परपज हायर सेकण्डरी स्कूल पेण्ड्रा के असेम्बली हॉल में तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक धर्मजीत सिंह की अध्यक्षता में हुआ। मरवाही विधायक प्रणव कुमार मरपच्ची समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे। समारोह में सेजेस हिन्दी माध्यम और फिजिकल कॉलेज पेंड्रा के छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक परिधान में लोक गीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी।

विधायक धर्मजीत ने कहा कि मां नर्मदा के आंचल में बसा जीपीएम जिला विविधताओं से भरा है। यहां की हरियाली और वातावरण बहुत ही सुंदर है। गुरू रविन्द्रनाथ टैगोर अपनी पत्नी का इलाज कराने यहां आए थे। नए जिले के विकास में यहां के विधायक प्रणव कुमार मरपची पूरी ताकत से लगे हैं। जिला प्रशासन भी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल के मैदान के अनुभव से नया जीवन जीने का रास्ता मिलता है। खेल का मैदान जीत और हार का है। हार से सब कुछ खत्म नहीं होता, बल्कि इससे सीखने का मौका एवं प्रेरणा मिलती है। समारोह के मुख्य अतिथि विधायक श्री मरपची ने कहा कि जीपीएम जिले के लिए गर्व का विषय है कि यहां लगातार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का अवसर प्राप्त हो रहा है। पृथक छत्तीसगढ़ राज्य एवं जिला बनने के पूर्व से ही गौरेला में राज्य स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन हो चुका है। कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी ने स्वागत भाषण दिया।

जिला शिक्षा अधिकारी रजनीश तिवारी ने खेल प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि पंकज तिवारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह, नगर पालिका परिषद पेण्ड्रा के उपाध्यक्ष शरद गुप्ता, नपा गौरेला की उपाध्यक्ष रोशनी शर्मा, पुलिस अधीक्षक एस आर भगत, सीईओ जिला पंचायत मुकेश रावटे, प्रभारी अपर कलेक्टर अमित बेक, एसडीएम पेण्ड्रारोड विक्रांत अंचल, खेल अधिकारी सीमा डेविड, गणमान्य नागरिक राकेश चतुर्वेदी, नीरज जैन, लालजी यादव, छोटेलाल सोनी, मनीष श्रीवास, राजकुमार पुरी, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, कोच, मैनेजर, व्यायाम अनुदेशक, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं पांचों संभाग के खिलाड़ी उपस्थित थे।



पुरस्कार वितरण करते विधायक धर्मजीत सिंह एवं प्रणव कुमार मरपच्ची।

### इन्हें मिले पुरस्कार

प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जिम्नास्टिक 14 वर्ष बालक वर्ग में बिलासपुर प्रथम एवं दुर्ग द्वितीय और बालिका वर्ग में बिलासपुर प्रथम एवं रायपुर संभाग द्वितीय स्थान पर रहे। जिम्नास्टिक 17 वर्ष बालक वर्ग में दुर्ग प्रथम एवं बिलासपुर द्वितीय और बालिका वर्ग में बिलासपुर प्रथम एवं रायपुर संभाग द्वितीय स्थान पर रहे। जिम्नास्टिक 19 वर्ष बालक वर्ग में रायपुर प्रथम एवं दुर्ग द्वितीय और बालिका वर्ग में बिलासपुर प्रथम एवं रायपुर संभाग द्वितीय स्थान पर रहे। ताइक्वांडो 14 एवं 17 वर्ष बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में बिलासपुर प्रथम एवं दुर्ग द्वितीय और ताइक्वांडो 19 वर्ष बालक एवं बालिका दोनों वर्ग में बिलासपुर प्रथम एवं रायपुर संभाग द्वितीय द्वितीय स्थान पर रहे। क्रिकेट प्रतियोगिता में बिलासपुर प्रथम, दुर्ग द्वितीय एवं रायपुर संभाग तृतीय स्थान पर और ओवर ऑल चैम्पियन में बिलासपुर प्रथम, रायपुर द्वितीय एवं दुर्ग संभाग तृतीय स्थान पर रहे।



## रमतला में डायरिया का प्रकोप 20 महिला, पुरुष और बच्चे बीमार

पथरिया। विकासखंड से लगभग 15 किमी दूर स्थित रमतला गांव में 20 लोग उल्टी-दस्त से परेशान हैं। इनमें महिला, पुरुष और बच्चे भी शामिल हैं। यह सभी दो-तीन दिन में बीमार हुए हैं। हालत खराब होने पर मरीजों को सरगांव एंव बिलासपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बुधवार को एसडीएम सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के लिए रमतला गांव में पहुंची है।

ग्रामीणों ने बताया गया है कि रविवार एंव सोमवार के दिन से कुछ लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हुई तो उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। धीरे-धीरे लोगों की संख्या बढ़ने लगी है। जो दिन मंगलवार तक करीब 15 से 20 लोग करीब लोग बीमार हो चुके थे। रमतला में डायरिया की जानकारी मिलते ही प्रशासन द्वारा गांव में स्वास्थ्य विभाग के लोगों द्वारा कैम्प लगाया गया। जहां मरीजों की स्थिति देखते हुए इलाज किया जा रहा है। बढ़ती मरीजों की संख्या को देखते हुए बुधवार को एसडीएम रेखा चंद्रा ने ग्राम में राजस्व विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पंचायत विभाग तथा पीएचई विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। जहां सभी डायरिया से प्रभावित लोगों के स्वास्थ्य एवं ग्राम में पेयजल की उपलब्धता, खाद वितरण, स्कूल तथा आंगनबाड़ी की व्यवस्था, फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल क्रॉप सर्वे से संबंधित विषयों पर अधिकारियों तथा ग्राम के नागरिकों से चर्चा की गई। ग्रामीणों से कहा गया कि तालाब का दूषित जल पीने के लिए उपयोग में ना लाएं साथ ही पानी को उबाल कर पीएं एवं बोर अथवा हैडपंप के पानी का उपयोग करें।

■ गांव पहुंची प्रशासन की टीम

#### स्थिति सामान्य

ग्राम रमतला में डायरिया से संक्रमित लोगों का उपचार किया जा रहा है। अभी सभी मरीजों की स्थिति सामान्य है।

-रेखा चंद्रा, एसडीएम, पथरिया



सुशासन शिविर में हितग्राही।

## कच्छी मस्जिद कमेटी ने लगाया सुशासन शिविर

मुंगेली। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सुन्नी हनफी कच्छी मस्जिद कमेटी के द्वारा मुस्लिम जमातखाना में सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। नगर पालिका और राजस्व विभाग की इस शिविर में शासन की योजनाओं और अन्य दस्तावेज के सरलीकरण का लाभ सीधा आमजनों को मिला। ईद मिलादुन्नबी से पूर्व मुस्लिम जमातखाना में सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और अन्य दस्तावेज के सरलीकरण करने के लिए कई विभाग के स्टाल लगाए गए थे, जिसमे जन्म-मृत्यु, विवाह पंजीयन, पेंशन, पीएम आवास, राशन कार्ड, आय-जाति, निवास, रोजगार पंजीयन, आधार, पेन कार्ड सहित विभिन्न आवेदन लिए गए। जिसमें अधिक आवेदन का निराकरण किया गया। बाकी शेष आवेदन की कमी को पूर्ण करके आवेदन का निराकरण किया जाएगा। शिविर में सबसे ज्यादा आवेदन पिछड़ा वर्ग जाति प्रमाण पत्र बनाने सम्बंधी आवेदन प्राप्त हुआ है। सुशासन शिविर में राजस्व व नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी सहित सुन्नी हनफी कच्छी मस्जिद कमेटी मुंगेली के पदाधिकारी एवं मेम्बर उपस्थित रहकर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजको को कादरी आधार सेवा केंद्र, स्टार चॉइस सेंटर, अधिवक्ता शाहिना खान, नोटरी कलीम मोहम्मद सहित अन्य लोगो का विशेष सहयोग मिला।

## नशा मुक्ति, महिला सुरक्षा, सहित अन्य विषयों पर दी गई जानकारी

बिलासपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के मार्गदर्शन में गुरुवार 4 सितंबर को स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के तत्वावधान में बिलासपुर पुलिस ने 'सियान चेतना जन जागरूकता अभियान' का आयोजन किया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों में कानून, सुरक्षा, नशा उन्मूलन तथा सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, साथ ही समाज के वरिष्ठ नागरिकों को समाज में उचित सम्मान दिलाना है। इस अवसर पर अति पुलिस अधीक्षक अर्चना झा ने कहा कि, सुरक्षित समाज के निर्माण पुलिस और जनता की संयुक्त जिम्मेदारी है। इस प्रकार के अभियान से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा ने बताया कि, संस्था लगातार समाज हित के लिए कार्य कर रही है, और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम समापन दौरान स्वयं सिद्धा फाउंडेशन की तरफ से कार्यक्रम में उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया, साथ ही मौके पर उपस्थित मातृशक्तियों को भी साड़ी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अभियान में बिलासपुर पुलिस की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, जिला पंचायत सदस्य भारती माली, थाना प्रभारी कोटा तोप सिंह नवरंग, स्वयं सिद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष चंचल सलूजा, संरक्षक नवीन चंद्र दुबे, ज्योति मिश्रा व उनकी टीम, गांव के सरपंच, पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों में कानून का पालन, नशा त्याग, महिला एवं बाल सुरक्षा, और सामाजिक एकता की भावना को मजबूत करना है।





## सीपत में एनएसएस ने निकाली रैली, किया नुक्कड़ नाटक



सीपत। शासकीय मदन लाल शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने गुरुवार को एचआईव्ही जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनजागरूकता का संदेश फैलाया।

नवाडीह चौक पर रैली के समापन के बाद एनएसएस स्वयंसेवकों ने फ्लैश मॉब के अंतर्गत एक सशक्त नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस नाटक ने एचआइव्ही से पीड़ित व्यक्तियों के प्रति समाज में भेदभाव खत्म करने, सहयोग और सम्मानपूर्ण व्यवहार की आवश्यकता को भावपूर्ण अंदाज में दर्शाया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी शत्रुघ्न घृतलहरे ने कहा कि युवा शक्ति समाज में सकारात्मक परिवर्तन की धुरी है। ऐसे कार्यक्रम न सिर्फ जागरूकता फैलाते हैं बल्कि लोगों की सोच बदलने का भी माध्यम बनते हैं। रैली एवं नाटक में प्रशांत यादव, मिथिलेश श्रीवास, लक्ष्मी पटेल, सुबीर कुमार, प्रिया साहू, नरेंद्र कुमार, सत्यवान, प्रेरणा सुनहरे, मीनाक्षी सूर्यवंशी, नीलम साहू सहित बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम को स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति और उत्साह ने और भी अधिक सार्थक बना दिया।

## कुत्ता विवाद : ग्रामीणों की भीड़ पहुंची थाने, पुलिस के सामने रखी मांगें

लोरमी। ग्राम साल्हेघोरी में कुत्ता हादसा से उपजे विवाद में सतनामी समाज ने चिल्फी थाने में पहुंचकर पुलिस प्रशासन के सामने अपनी मांगें रखीं। उन्होंने एक सप्ताह में उचित कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। इधर पुलिस प्रशासन ने थाने के बाहर बेरिकेड लगाकर सुरक्षा की व्यवस्था की थी। क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। कलेक्टर ,एसपी ने स्थानीय विश्राम गृह में सतनामी समाज के प्रमुखों के साथ बैठक कर शान्ति रखने की अपील की।

■ सतनामी समाज ने कहा- यह दो-चार लोगों के बीच की सामान्य घटना

चिल्फी थाना डिडौरी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम साल्हेघोरी में 29 अगस्त को हुए कुत्ता एक्सीडेंट विवाद का मामला थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। सतनामी समाज के लोगो ने मारपीट करने वाले संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए बड़ी संख्या में थाने पहुंचकर आप बीती सुनाई। उनका कहना था कि मामले में संलिप्त पूर्व जनपद सदस्य को तत्काल गिरफ्तार किया जाए एवं चाकू बाजी के मामले में आर्म्स एक्ट की धारा जोड़ी जाए। उनके समाज पर लूटपाट की धाराएं जोड़ी गई है, उसे हटाया जाए। थाने के सामने समाज के लोगों ने एफआईआर की प्रतियां लेकर एसडीओपी से चर्चा की। एसडीएम मायानंद चन्द्रा ने बताया कि समाज ने सौहार्द्रपूर्ण माहौल में अपनी तीन मांगें रखी हैं। मामले से उच्चधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। एसडीओपी नवनीत पाटील ने बताया कि सतनामी समाज के लोगों ने चिल्फी थाने पहुंचकर तीन प्रमुख मांगें रखी है। मामले में जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।



### सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वालों को नहीं मिलेगा समर्थन

साल्हेघोरी गांव में कुत्ते की दुर्घटना के बाद उत्पन्न हुए विवाद को लेकर सतनामी समाज के प्रमुखों ने प्रेस वार्ता कर स्पष्ट संदेश दिया है कि समाज किसी भी परिस्थिति में सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वालों का समर्थन नहीं करेगा। लोरमी विधानसभा के समाज अध्यक्ष तोरन खांडे ने कहा कि आपसी भाईचारा, सामंजस्य और शांति हमारी सबसे बड़ी ताकत है। घटना की निष्पक्ष विवेचना पुलिस एवं प्रशासन कर रहा है और समाज लगातार प्रशासन के संपर्क में है। प्रशासन द्वारा समस्त कार्यवाही की जानकारी पारदर्शिता के साथ दी जा रही है। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों द्वारा स्वयं को समाज का अध्यक्ष बताकर उक्त घटना से पूरे समाज को जोड़ने का प्रयास किया है, जो गलत है। यह दो-चार लोगों के बीच की सामान्य घटना है। उस घटना से समाज का कोई लेना देना नहीं है। इस मौके पर संजीत बनर्जी, रामेश्वर बंजारे, सोनवानी, नरेश पाटले, फणीश्वर पाटले सहित समाज के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## चाकू मारकर पत्नी की हत्या आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

जिले के पेंड्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध संबंध के शक में पत्नी की चाकू मारकर हत्या करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।



पूरा मामला 20 जुलाई 2024 का पेंड्रा थाना क्षेत्र के गिरारी गांव का है, जहां रहने वाला आरोपी जमील खान पिता लतीफ खान से उसकी पत्नि जुबेदा बेगम बगैर तलाक लिए ही अलग रह रही थी। जुबेदा बेगम गिरारी में अशोक सेन के घर में थी, इसी दौरान उसका पति जमील खान वहां पहुंचा और अवैध संबंध का हवाला देते हुए जुबेदा पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। लोगों ने जब तक बीच बचाव करने का प्रयास किया, तब तक जुबैदा की मौत हो चुकी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, जिसे दूसरे दिन ही पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। मामले में फैसला सुनाते हुए अपर सत्र न्यायाधीश पेंड्रारोड ज्योति अग्रवाल ने आरोपी जमील खान को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत आजीवन कारावास और 2 हजार रूपए के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड की अदायगी में चूक होने पर अभियुक्त को तीन माह के अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा भुगतनी होगी। मामले में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने की।


**न्यायालय श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

**नोटिस/समंस**

कुसुम भोय वगैरह...अपीलार्थी **विरूद्ध**
आम जनता....उत्तरवादी
प्रकरण क्रमांक 42/2023
आदेश दिनांक 29.08.2025
पेशी दिनांक 23.10.2025
प्रोसेस क्रमांक 664

इस न्यायालय में अपीलार्थीगण ने उत्तरवादी के विरूद्ध व्यवहार अपील अंतर्गत धारा-96 व्य.प्र. संहिता श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोटा, जिला-बिलासपुर छ.ग. द्वारा व्य.वाद.क्र.-38ए/ 2021 पक्षकार श्रीमती कुसुम भोय वगैरह विरूद्ध आम जनता में दिनांक-17.04.2023 को पारित निर्णय एवं आज्ञप्ति के विरूद्ध अपील प्रस्तुत किया गया है जिसकी पेशी दिनांक-23.10.2025 को है।

जिस किसी भी आमजन को उक्त अपील में कोई आपत्ति हो तो वह सुनवाई दिनांक-23.10.2025 को सुबह 11:00 बजे न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, यदि किसी कारणवश पेशी दिनांक-23.10.2025 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को ही जावेगी।

अतः आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर लगाकर जारी किया गया।
दिनांक / /
स्थान-बिलासपुर
**श्रीमान प्रथम अपर जिला न्यायाधीश जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा ग्राम रमतला, प.ह.न 24 रा.नि.म. कोनी विकासखण्ड-बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 1218 रकबा 0.1340 हेक्टेयर की भूमि राजस्व रिकार्ड मे भूमि स्वामी के रूप में-परमानंद सूर्यवंशी, कुंवर लाल, पुसई बाई वगैरह के संयुक्त नाम पर दर्ज है,जिसे क्रेता- विजय कुमार यादव पिता स्व. बसंत लाल यादव, निवासी-रामकृष्ण परमहंत नगर वार्ड नंबर 68 कोनी, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा क्रय किये जाने का पक्का सौदा किया जाकर अग्रिम धनराशि विक्रेतागणों का अदा किया जा चुका है तथा निकट भविष्य मे रजिस्ट्री होना तय है। यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/ निकाय/बैंक को उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर नीचे दिये गये पते पर संपर्क कर अपना आपत्ति मय दस्तावेज सहित कर सकते हैं नियत समयावधि बाद किये जाने वाले आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा, तथा मेरे पक्षकार/क्रेता के पक्ष मेरे रजिस्ट्री करा लिया जावेगा।
सो सूचना जाने।
दिनांक 03/09/2025 बिलासपुर छ.ग.
भवदीय
बीपी डहरिया अधिवक्ता, बिलासपुर
मो. 6266487208

**ईश्तहार प्रकाशन**

सर्व आम जनता को सूचित किया जाता है कि बिलासपुर देवरीखुर्द में अवस्थित भूमि ख.न. 135/97 में से रकबा 0.553ए / 2412 वर्ग मीटर भूमि के खान के नाम पर दर्ज है। जिसकी चौहद्दी उत्तर में 20 फिट चौड़ा निस्तारी रास्ता दक्षिण में चम्पालाल की भूमि पूर्व में केशरी की भूमि पश्चिम में हाउसिंग बोर्ड की भूमि अवस्थित है जिस भूमि को के.खान के द्वारा महिमानंद राय पिता जे. एन. राय को बिक्री करने के लिए आम मुख्तियार नियुक्त किया गया है, जो कि पंजीकृति मुख्तियारनामा निष्पादित है। आम मुख्तियार के द्वारा उक्त भूमि मकान नरेन्द्र सिंग जांगड़े पिता नारद सिंग जांगड़े उम्र 50 वर्ष ग्राम बोरसी थाना व तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. का रहने वाला के पास बिक्री करने का पक्का सौदा किया हुं उक्त भूमि मकान के बिक्रय में भूमि मकान मालिक को किसी प्रकार आपत्ति नही है। उक्त भूमि को नरेन्द्र सिंग जांगड़े के पास 3900000/- उन्तालिस लाख रूपये में बिक्री का पक्का सौदा किया है। उक्त भूमि का पंजीयन आज दिनांक 04/09/2025 से 15 दिवस के भितर क्रेता नरेन्द्र सिंग जांगड़े के पक्ष में पंजीकृत बैनामा निष्पादित कर दिया जावेगा एवं पंजीयन के दिन ही क्रेता से सौदा के आधार पर सौदा रकम 3900000/- उन्तालिस लाख रूपये आपस में प्राप्त करेगा। यदि उक्त भूमि का पंजीयन हो जानें पर किसी का किया गया दावा आपत्ति स्वीकार मान्य नही होगा । यदि उक्त भूमि के बिक्री में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय द्वारा आपत्ति किया जाता है तो आपत्ति के साथ में आपत्ति साक्ष्य दस्तावेज ईश्तेहार आम सूचना प्रकाशित होने के 15 दिवस के अंदर क्रेता के अधिवक्ता निखाद सिंह पुरी अधिवक्ता पामगढ़ के कार्यालय में संपर्क करे या क्रेता के मो.न. 9977827447 में अपना शिकायत संबंधित बाते एवं अपना आपत्ति वाहट्सप के माध्यम से या मोबाईल से संपर्क कर सकता है अगर 15 दिवस बाद में आपत्ति किये जानें पर उक्त आपत्ति को झुठा व नाजायज माना जावेगा । समस्त आम जनता बिलासपुर।
स्थान- बिलासपुर, दिनांक - 04/09/2025
पेपर प्रकाशनकर्ता
निखाद सिंह पुरी अधिवक्ता पामगढ़
तहसील पामगढ़, जिला जांजगीर चांपा
(छ.ग.) मो.नं.9981378392

न्यायालय नायब तहसीलदार सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)
क्रमांक/ /क/वा/ना.तह./2025
सकरी दिनांक 02/09/2025

**ईश्तहार**

आवेदक सोनल तिवारी पिता स्व. राम प्रताप तिवारी निवासी सी 37 पारिजात एक्सटेंशन नेहरू नगर बिलासपुर छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन के अनुसार ग्राम अमेरी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित खसरा नं. 451/1 में से रकबा 2050 वर्गफीट भूमि आवेदक के स्वामित्व की भूमि है और क्रय दिनांक से आवेदक काबिज चला आ रहा है। पूर्व में आवेदक पूर्व पटवारी के द्वारा आफलाईन बी-1 प्रदाय किया गया था। किन्तु उक्त भूमि का आनलाईन में नाम दर्ज नहीं किया गया था। उक्त भूमि वर्तमान में अभी भी विक्रेता राहुल बाजपेयी पिता रोहिणी बाजपेयी के नाम दर्ज है जो कि त्रुटिपूर्ण जिसे सुधार किये जाने हेतु धारा 115 छ.ग.भू.रा.सं. के तहत राजस्व रिकार्ड में आवेदक सोनल तिवारी पिता स्व. राम प्रताप तिवारी के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 18/9/2025 के पूर्व कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत कर सकते हैं, उक्त तिथि के पश्चात प्रकरण में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील व मुहर से जारी किया गया।
अतिरिक्त तहसीलदार
सकरी

**आम सूचना**

सर्व साधारण को इस आम सूचना के जरिये सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार संजय कुमार अग्रवाल पिता श्री गोपालराम अग्रवाल निवासी -क्रांति नगर बिलासपुर तह. व जिला-बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा निर्देशित होकर आम सूचना प्रकाशित करता हूं मेरे आसामी के द्वारा मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं. 22, रा.नि.मं. बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अंतर्गत वार्ड नं.-25, संत रविदास नगर, करबला रोड पर स्थित भूमि खसरा नंबर 243/21 रकबा 0.174 हेक्टे., 0.43 एकड़ भूमि का पक्का सौदा भूमि स्वामी रूकमीन बाई, उर्मिला बाई, शांति बाई, निर्मला बाई, शकुंतला, राजकुमारी, गुड्डी, दुर्गा शंकर सभी पिता स्व. शिवनारायण कश्यप के द्वारा मेरे आसामी से पक्का सौदा कर इकरारनामा निष्पादित किये हैं, जिसका बयाना स्वरूप 2,70,000/- (दो लाख सत्तर हजार रुपये) को प्राप्त कर लिये हैं। शेष रकम रजिस्ट्री के समय प्रदान की जावेगी। जिस किसी व्यक्ति, शासकीय एवं अशासकीय संस्था को आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर मेरे आसामी या मेरे ऑफिस में संपर्क कर दावा आपत्ति प्रस्तुत करें, उक्त दिवस के पश्चात किसी प्रकार की दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी।
''सो सूचना जानें।''
दिनांक 03.09.2025
बिलासपुर छ.ग.
भवदीय
आलोक कुमार त्रिपाठी
अधिवक्ता
मिनी सामुदायिक भवन सिविल कोर्ट,
बिलासपुर (छ.ग.) मो.नं. 9098727910

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार श्रीमती सुधा गुप्ता पति स्व. गणेश प्रसाद गुप्ता निवासी तिलक नगर चाटापारा बिलासपुर (छ.ग.) से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना का प्रकाशन करता हूं कि मौजा मंगला प.ह.नं. 35 रा.नि.मं. तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 1213/09 कुल रकबा 576 वर्गफीट भूमि जो कि मोगरा बाई पति दुर्गा प्रसाद के नाम पर राजस्व अभिलेख में बतौर भूमि स्वामी दर्ज को मुख्तियार आम ग्राहिता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी पिता दुर्गा प्रसाद तिवारी निवासी मंगला बिलासपुर छ.ग. ने मेरे पक्षकार से उक्त भूमि को विक्रय करने का पक्का सौदा कर दो गवाहों के समक्ष बतौर बयाना रकम प्राप्त कर अनुबंध पत्र का निष्पादन किए है उक्त भूमि का निकट भविष्य में रजिस्ट्री मेरे पक्षकार के पक्ष में किया जाना है। जिस पर किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय, निजी बैंक, समिति विभाग को दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मय दस्तावेज लिखित में अपना दावा आपत्ति निचे लिखे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि बाद दावा आपत्ति मान्य नही होगा।
सो सूचना जाने।
बिलासपुर, दिनांक 04.09.2025
भवदीय
हरिकृष्ण शर्मा- अधिवक्ता
कार्यालय शॉप क्रं. 121
डी.एस.एस. कॉम्पलेक्स मुंगेली नाका,
बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 9300293941

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सामान्य आवास अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एम.आई.जी. I-27 अवन्तिका मूल आबंटी श्री अशोक केशरवानी पिता श्री शंकर लाल केशरवानी के नाम पर आबंटित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक 31.05.2016 को पंजीकृत किया गया हैं। आबंटी अपने उक्त भवन को श्री लवकुश साहू पिता श्री जगदीश साहू को विक्रय करना चाहते है। जिसके लिये विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति/शासकीय/अर्द्ध शासकीय/वित्तीय संस्था/बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-बिलासपुर (छ.ग.)

